वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली

A wealth of knowledge on genealogy

।। वार्षिक पुस्तक 2024।।

harshgoel2k@gmail.com

वसुधैव कुटुम्बकम्

सनातन - वैश्य वर्ण

अग्रवाल समाज वंशावली

।। वार्षिक पुस्तक 2024 ।।

हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

(लेखक एवं संकलनकर्ता)

agrvanshawali@gmail.com

पंचमी रविवार माघ कृष्णपक्ष सम्वत २०८१
19 जनवरी 2025

harshgoel2k@gmail.com

पूजनीय

माताजी

एवं

पिताजी

को

समर्पित

harshgoel2k@gmail.com

|| मंगलाचार ||

ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः
सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु
मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत् ।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

सभी सुखी रहें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें
किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

Om Sarve Bhavantu Sukhinah, Sarve Santu Niraamayaah |
Sarve Bhadraanni Pashyantu, Maa Kashcid-Duhkha-Bhaag-Bhavet |
Om Shaantih Shaantih Shaantih ||

Om, May All be Happy, May All be Free from Illness
May All See what is Auspicious, May no one Suffer
Om Peace, Peace, Peace

harshgoel2k@gmail.com

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥

|| अस्वीकरण (DISCLAIMER) ||

पुस्तक संग्रह वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली - वार्षिक पुस्तक 2024 और उसके साथ संलग्न पुस्तिकाओं के निरूपण, टंकण और प्रकाशन में और उसके अन्य स्वरूपों का प्रस्तुतीकरण अत्यधिक सजगता के साथ किया गया है यह पुस्तक संग्रह किसी भी मान्यता, वर्तमान नियम और नीति के उल्लंघन का मंतव्य नहीं रखती और न ही करती है न ही कोई अपना नवीन मत प्रस्तुत करती है या उसका अनुमोदन करती है इसका दृष्टिकोण तटस्थ है और लेखक द्वारा प्रस्तुत सामग्री यथावत प्रस्तुत की गयी है कथचित लेखों में त्रुटियां, पूर्वाग्रह, प्रतिरूप में वर्तिनी और संग्रह में भिन्न मत रह सकते हैं। हम पाठकों को इन समस्याओं के समाधान पाने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अधिकांशतः लेख और वंशावली पूर्ण अथवा आंशिक रूप से सहयोगी व्यक्तियों द्वारा प्रदत हैं इन लेखों में वैज्ञानिक, शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक योग्यताओं का अभाव हो सकता है।

यह संकलन स्वयंसेवकों और योगदानकर्ताओं के सहयोग और रुचि पर आधारित है। यह किसी भी प्रकार की किसी भी न्याय व्यवस्था में दंडनीय नहीं है मात्र सन्दर्भ के लिए अन्य सन्दर्भों की पुष्टि के लिए प्रयोग की जा सकती है। यदि इस कृति से किसी भी प्रकार की क्षति अथवा व्यवधान पहुँचता है तो इस पुस्तक से सम्बंधित कोई भी व्यक्ति और संस्थान उत्तरदायी नहीं है।

किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए लेखक को सूचित करें कमी सुधार ली जाएगी।

।। अनुक्रमणिका।।

।। कुलदेवी महालक्ष्मी का आशीर्वाद ।।

उवाच मधुरा वाणी, साधूनामभयकरी।
वरं ब्रूहि महाराज, यस्ते मनसि वर्त्तते।।
ददामद्यैव सकलं, तव पूजा प्रतोषिता ।। महालक्ष्मी वृत कथा 90।।

महालक्ष्मी अपनी मधुर वाणी में बोली, मैं तुम्हारी भक्ति से प्रसन्न हूँ, हे यथेष्ठ, जो तुम्हारे ह्रदय में कामना हो वह वर मांगो, मै तुम्हे मनोइच्छित वर देती हूँ ।

तब कुलं न विमोक्ष्यामि, यावच्चन्द्र दिवा करौ।
वशं भवतु ते शक्रो, सदेवों बलवाहनः।। महालक्ष्मी वृत कथा 92।।

जब तक सूर्य चन्द्रमा विद्यमान हैं तेरे कुल पर कृपा दृष्टि रखूंगी, इन्द्र आदि देवता तुम्हारे सहायक होंगे अग्रकुल के जन बलवान और वाहनयुक्त होंगे।

आधार अभवत्येषा, कथा ममुतवान्विता।
भुवि येषां गृहे पूजा, लिखिता चापि पुस्तकी।। महालक्ष्मी वृत कथा 93।।

तदहं न विमोक्ष्यामि, यावती पृथिवीमिमा।
प्रसादं च स्वयं भुक्त् वा नान्यस्यै प्रति पादयेत।। महालक्ष्मी वृत कथा 94।।

इस जगत में जिस-जिस घर में मेरी पूजा होती है जब तक पृथ्वी रहेगी मैं उनका साथ नहीं छोड़ुंगी। जो मेरा प्रसाद ग्रहण कर औरो को दें , विद्वान को भोजन करावे, जिस घर में विधि विधान से पूजा होवें उस घर से दरिद्रता नष्ट हो जाएगी।

शत्रु रोग भयं नारित कुल कीत्ति प्रवर्धनं।
पुत्र पौत्र कुलैः सार्ध भुक्ष्व राज्यमकंटकम्।। महालक्ष्मी वृत कथा 96।।

शत्रु या रोग का भय नहीं रहेगा कुल और कीर्ति सदा बढ़ती रहेगी। अपने पुत्र-पौत्र और कुल के साथ बिना किसी बाधा के राज्य का भोग करोगे।

स देहेन च गोलोकमन्ते यास्यसि निश्चितम्।
ध्रुवस्थ पूर्वे द्वौ तारौ भविष्ये च प्रियासह।। महालक्ष्मी वृत कथा 97।।

निसंदेह तुम्हें स्वर्गलोक प्राप्त होगा, राजन तुझे मेरा यह सब आशीर्वाद है, तुम्हारा वंश ध्रुव की भांति सदा अटल रहेगा।

|| मंगलकामनाएँ ||

हर्ष वर्धन गोयल
(लेखक/संपादक)

वसुधैव कुटुम्बकम् का द्वितीय वार्षिक अंक प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। हमारी महान सनातन संस्कृति और धर्म का मूल हमारा सहत्रों वर्षों का प्राचीन चिंतन है। हमारे सात्विक संस्कार तथा उच्चतम कोटि की विचारधारा से संचित, गहन, विस्तृत और समावेशी दर्शन में साकार, निराकार, अद्वैत और द्वैत आदि जितनी भी संभव विस्तृत व्याख्या हो सकती है उतनी संसार की किसी और सभ्यता में देखने को नहीं मिलती है। वैज्ञानिक नियमों से पूर्ण भाषा, खगोल, औषिधि, अर्थशास्त्र, जीवशास्त्र, लौकिक, अलौकिक, भौतिक, परा-अपरा विज्ञान से युक्त हमारा ज्ञान विश्व में अद्वित्य है।

सभ्यता की महानता मात्र उसके दर्शन, उसकी पुस्तकों, उसके इतिहास तक सीमित नहीं होती, वह धरातल पर रहने वाले, उसके मानने वालों पर निर्भर करती है। कोई भी संस्कृति, सभ्यता तभी तक जीवंत रहती है जब तब उसे लोगों द्वारा पोषित किया जाता है अन्यथा इतिहास के पन्नों पर ऐसे कई महान वंश और महान साम्राज्य मिल जाएँगे जिनके चिन्ह भी आज खोज पाना संभव नहीं है।

इस अंक में हमने कुछ चयनित आलेखों को सम्मिलित किया है दिल्ली सम्राट वीर विक्रमादित्य हेमचन्द्र के जन्म, जन्म स्थान, परिवार, पैतृक घर और कुल पर मतभेद है। इसका मुख्य कारण महान हेमचन्द्र विक्रमादित्य के प्रारंभिक जीवन के समसामयिक प्राप्य वृत्तांत बहुत ही संक्षिप्त है। अनेको शोधकर्ताओं ने अपने-अपने मतानुसार इतिहास के बिंदुओं का सुविधानुसार प्रयोग करते हुए इतिहास लिखा है। वंशावली संकलन में कुछ अन्य तथ्य सामने आये तब विक्रमादित्य हेमचन्द्र का इतिहास और अधिक स्पष्ट हुआ, सम्मिलित शोध तत्कालीन इतिहासकारों द्वारा लिखे इतिहास में वर्णित उन समस्त निर्विवाद बिंदुओं को मध्य रख और प्राप्त नवीन जानकारी पर आधारित है। इस वर्ष एक बड़ा कार्य सिंघल गोत्री लाठ परिवार की वंशावली की पुस्तक के प्रकाशन का हुआ, स्वर्गीय तोलाराम लाठ (बीकानेर वाले), श्री बद्री नारायण लाठ (देवरिया/हैदराबाद) और विशेष आभार श्री अरुण लाठ (कलकत्ता वाले) का व्यक्त करना चाहता हूँ यह पुस्तक श्री अरुण लाठ जी और लाठ कुटुंब के अनेक वर्षो के अथक प्रयासों और सहयोग का सुखद फल है। आज हमारे पास लाठ अग्रवाल परिवार की बहुत विस्तृत वंशावली है जिसमे 36 पीढ़ियों का इतिहास संजोया गया है अनुमानित 700-875 वर्षों का इतिहास जो कदाचित लाठ परिवार के अग्रोहा से विस्थापन, महमूद गौरी के भारत आक्रमण के समय तक जाता है।

इस संकलन में कई अन्य ऐतिहासिक तथ्य प्रकाश में आया कि लाठ कुटुंबनाम अंग्रेजों द्वारा अथवा लठ्ठ रखने से नहीं निकला यह कुटुंब नाम एक स्थान परक नाम है जिसका विस्तृत वर्णन हमने वंश परिचय भाग में किया है।

एक शोध पत्र गंगल गोत्र पर भी सम्मिलित किया गया है श्री भारत भूषण गुप्ता (गंगल गोत्र निवास जयनारायण व्यास नगर बीकानेर राजस्थान) के साथ संयुक्त प्रयास से गंगल गोत्र वंशावली संकलन और गंगल गोत्र का ऐतिहासिक विश्लेषण किया है जो कई भ्रांतियों का निवारण करता है ।

क्या भारतीय बाहर से आये अथवा प्राचीन काल से स्थानीय निवासी हैं यह प्रश्न कई मंचों पर उठा, मैंने स्वयं अपना डीएनए विश्लेषण करा कर इन तथ्यों की पुष्टि की, प्राप्त डेटा अनुसार अग्रवाल कुटुंब वाले लोगों का शीर्ष पैतृक हैप्लोग्रुप H-M52 है, जो मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण एशियाई वंश वाले लोगों में पाया जाता है। हैप्लोग्रुप H-M52 हैप्लोग्रुप H-L901 का उपभाग है। यह मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण एशियाई लोगों में पाए जाते हैं। हैप्लोग्रुप एच आम तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप में इंडो-आर्यन, द्रविड़ और भारतीय आदिवासी आबादी में पाया जाता है। सरल शब्दों में प्राप्त डेटा के आधार पर, अग्रवाल अनुवांशिकी संरचना के हैप्लोग्रुप में उत्तरी भारतीय पंजाब प्रान्त का पितृवंश समूह अत्यधिक प्रतिशत में पाया गया है जो कि ऐतिहासिक जानकारी के एकदम अनुकूल है उनके अलावा गुजरात दक्षिण भारत और बांग्ला पितृवंश समूह भी पाया गया है। हैप्लोग्रुप एच का मूल भारतीयों आदिवासी का होना और मुख्यतः पंजाब प्रान्त से सम्बंधित होना अग्रवालों के इतिहास तो प्रमुखता से पुष्टि करता है।

इतिहास और वंशावली परिवार को जोड़ने का एक अनुपम कार्य करती है समाज में आदर्श स्थापित हो, परिवारों की उपलब्धियां, उनके द्वारा किये सामाजिक और धार्मिक कार्यं, विशिष्ट और प्रबुद्ध जनों के नाम और कार्यों का भी संकलन हो जिससे समाज में आदर्श और प्रेरणा स्थापित हो सके जिनसे मनुष्य एक श्रेष्ठ व्यवाहरिक जीवन प्रेरित हो यही हमारा प्रयास रहा है।

किसी भी समाज की एकजुटता का आधार उसकी एकबद्धता है और अग्रवालों के वंशों को सहेजती यह पुस्तक इस दिशा में एक अनूठा प्रयास है। भविष्य में यह पुस्तक हमें अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति से जोड़े रखेगी इस शुभ भावना के साथ सभी के साथ आइए प्रयास करें और अपनी समृद्ध संस्कृति से जुड़ें और अपनी प्राचीन संस्कारों को, जड़ों को पुन: बल प्रदान करें!

सभी के लिए मंगलकामनाएँ!!

हर्ष वर्धन गोयल

अध्यक्ष

अग्र वंशावली शोध परिषद्

हमें अपने वंश वृक्ष को संरक्षित करने की आवश्यकता क्यों है

आइए हम यह समझने की कोशिश करें कि हमारे वंश वृक्ष की खोज करना, जानकारी प्राप्त करना, इकट्ठा करना और संरक्षण करना हमें कैसे प्रभावित करता है।

हमारी जड़ें - हमारी पहचान

यह जानने के बाद कि हम कहाँ से हैं, हमारी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि क्या है और हम कहाँ से आए हैं, हमें इस बात की समझ विकसित करने में सहयक होती है कि हम वास्तव में कौन हैं। जिस तरह से हम अपनी पारिवारिक कहानियों से संबंधित होते हैं और अपने बारे में अपने स्वयं से जुड़ते हैं, वह हमारी अनूठी, प्रामाणिक मूल पहचान स्थापित करने में सहायता करता है। और इससे हमें असीम मानसिक शांति प्राप्त होती है।

संबंध

पारिवारिक अतीत, वर्तमान और भविष्य के साथ संबंध बनाना, एक मानवीय आवश्यकता है। इससे हमारा खालीपन दूर होता है। प्रत्येक मनुष्य लगाव, अपनेपन और संबंध की इच्छा रखता है और वंशावली, उसे अपने समुदाय से जोड़ने में सहायक होती है ।

करुणा का भाव

पूर्वजों के इतिहास को सीखने से हमें एक मानसिक बल प्राप्त होता है जो आने वाली चुनौतियों की अधिक समझ करने में सहायक होता है और हमें, अधिक प्रेम और करुणा को और प्रेरित करता है। यह करुणा हमारे परिवारों के भीतर और उनके बाहर लोगों के साथ हमारे संबंधों को सुधरने में सहायक होती है , जितना अधिक हम अपने अतीत के बारे में जानते हैं, उतना ही अधिक हम अपने लोगो के के साथ जुड़ाव महसूस करते हैं।

निःस्वार्थता का भाव

निस्वार्थ भाव से सहयोग करने और कार्य करने की क्षमता मानवता के लिए अद्वितीय है। हमारे इतिहास को सीखना, इसे संरक्षित करना न केवल हमारे संबंधित परिवार से, बल्कि पूरे मानव परिवार को जुड़ने का और निस्वार्थ सहयोग प्रदान करना का वातावरण देता है।

आत्म-मूल्य

अपने इतिहास से सीखना, और उसे संरक्षित करना हमें अलगाववाद , व्यक्तिवाद , कट्टरपंथ से दूर करता है। हम सब एक ही ब्रह्म की संतानें हैं और कोई छोटा बड़ा ऊँच-नीच नहीं है, यह हमें आत्म- मूल्यांकन का अवसर प्रदान करता है।

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
1	वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली वार्षिक पुस्तक 2024 (मूल भाग)	महाराजा अग्रसेन जी का परिचय, गोत्र परिचय, कुटुंबनाम परिचय, वंशावलियों की सूची आदि
2	वसुधैव कुटुम्बकम् - अग्रवाल समाज वंशावली - ऐरन (Airan) गोत्र	ऐरन (Airan) गोत्र की वंशावलियाँ
3	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र भाग - अंक 1	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
4	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र भाग - अंक 2	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
5	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र भाग - अंक 3	बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
6	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - तुलसियान परिवार	तुलसियान परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
7	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - देवड़ा परिवार	देवड़ा परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
8	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - बिहरोरिया परिवार	बिहरोरिया परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
9	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - जालान परिवार	जालान परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
10	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - झुनझुनवाला परिवार	झुनझुनवाला परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
11	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली बंसल (Bansal) गोत्र - जुमानपुरका पोतदार परिवार	जुमानपुरका पोतदार परिवार बंसल (Bansal) गोत्र की वंशावलियाँ
12	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - बिंदल (Bindal) गोत्र अंक 1	बिंदल (Bindal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
13	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - बिंदल (Bindal) गोत्र लडिया परिवार	लडिया परिवार बिंदल (Bindal) गोत्र की वंशावलियाँ
14	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 1	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
15	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 2	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
16	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 3	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
17	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 4	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
18	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 5	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 41 से 50 तक
19	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र अंक 6	गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 51 से 60 तक

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
20	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गर्ग (Garg) गोत्र	बगड़िया परिवार गर्ग (Garg) गोत्र की वंशावलियाँ
21	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 1	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ 1 संकलन 1 से 10 तक
22	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 2	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
23	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 3	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
24	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 4	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
25	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 5	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 41 से 50 तक
26	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 6	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 51 से 60 तक
27	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र अंक 7	गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 61 से 70 तक
28	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र भारूका परिवार	भारूका परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
29	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र मोर परिवार	मोर परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
30	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र मनसीखिरिया परिवार	तुहीराम परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
31	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र कुटुंबशाखा 4	मनसीखिरिया परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
32	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयल (Goyal) गोत्र नम्बरदार परिवार	नम्बरदार परिवार गोयल (Goyal) गोत्र की वंशावलियाँ
33	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - गोयन/गंगल (Goyan/Gangal) गोत्र	गोयन/गंगल (Goyal/Gangal) गोत्र की वंशावलियाँ
34	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - जिंदल (Jindal) गोत्र	जिंदल (Jindal) गोत्र की वंशावलियाँ
35	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - जिंदल (Jindal) गोत्र	खेमका परिवार जिंदल (Jindal) गोत्र की वंशावली
36	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - कंसल (Kansal) गोत्र	कंसल (Kansal) गोत्र की वंशावलियाँ
37	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - कुछल (Kucchal) गोत्र	कुछल (Kucchal) गोत्र की वंशावलियाँ
38	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मधुकुल (Madhukul) गोत्र	मधुकुल (Madhukul) गोत्र की वंशावलियाँ
39	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मंगल (Mangal) गोत्र अंक 1	मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
40	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मंगल (Mangal) गोत्र अंक 2	मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
41	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मंगल (Mangal) गोत्र बमोरी परिवार	बमोरी परिवार मंगल (Mangal) गोत्र की वंशावलियाँ
42	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 1	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
43	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 2	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
44	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 3	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
45	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र अंक 4	मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 31 से 40 तक
46	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र बगड़िया परिवार	बगड़िया परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
47	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र तिरखा परिवार	तिरखा परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
48	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र मंडीवाला परिवार	मंडीवाला परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
49	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र कंदोई परिवार	कंदोई परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
50	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र महमिये परिवार	महमिये परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
51	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - मित्तल (Mittal) गोत्र अंगारके परिवार	अंगारके परिवार मित्तल (Mittal) गोत्र की वंशावलियाँ
52	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - नांगल (Nangal) गोत्र	नांगल (Nangal) गोत्र की वंशावलियाँ
53	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 1	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 1 से 10 तक
54	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 2	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 11 से 20 तक
55	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र अंक 3	सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ संकलन 21 से 30 तक
56	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र लाठ परिवार	लाठ परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
57	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र चनाणी परिवार	चनाणी परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
58	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र नवेटिया परिवार	नवेटिया परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
59	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र जगतरामका परिवार	जगतरामका परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। वंशावली पुस्तकों की सूची।।

क्रमांक	पुस्तक	विवरण
60	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र समराया परिवार	खोवाला परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
61	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - सिंघल (Singhal) गोत्र कुटुंबशाखा 6	समराया परिवार सिंघल (Singhal) गोत्र की वंशावलियाँ
62	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली तायल (Tayal) गोत्र	तायल (Tayal) गोत्र की वंशावलियाँ
63	वसुधैव कुटुम्बकम् अग्रवाल समाज वंशावली - तायल (Tayal) गोत्र - सेढ़ू परिवार	सेढ़ू परिवार तायल (Tayal) गोत्र की वंशावलियाँ

।। सम्राट विक्रमादित्य हेमचन्द्र एक शोध ।।

श्री हर्ष वर्धन गोयल, सिंगापुर

विभिन्न कारणों से आधुनिक इतिहासकारों में दिल्ली सम्राट वीर विक्रमादित्य हेमचन्द्र के जन्म, जन्म स्थान, परिवार, पैतृक घर और कुल पर मतभेद है। इसका मुख्य कारण महान हेमचन्द्र विक्रमादित्य के प्रारंभिक जीवन के समसामयिक प्राप्य वृत्तांत बहुत ही संक्षिप्त है। प्रायः शोधकर्ता ने अपने-अपने मतानुसार इतिहास के बिंदुओं का सुविधानुसार प्रयोग करते हुए इतिहास लिखा है। यह शोध तत्कालीन इतिहासकारों द्वारा लिखे इतिहास में वर्णित उन समस्त निर्विवाद बिंदुओं को मध्य रख और प्राप्त नवीन जानकारी पर आधारित है।

अग्रवालों के प्राचीन इतिहास संकलन कार्य में मेरा परिचय डॉ विजय मित्तल जी से हुआ जिनसे कुछ आश्चर्यचकित करने वाले तथ्य सामने आये। डॉ विजय अवकाश प्राप्त वैज्ञानिक है वंशावली संकलन हेतु जब उनसे विस्तार से चर्चा हुई तो उन्होंने ऐसी कई बात बताई जो उन्ही के शब्दों में यहाँ प्रस्तुत है। उनका परिवार माछेरी राजस्थान से लगभग ५०० वर्ष पूर्व निकला था उनके पूर्वजो के अनुसार, वह राजाओं के परिवार से है किन्तु किसी त्रासदी के कारण बुजुर्गो द्वारा वर्षों तक इतिहास को दबाया गया जिससे वह लुप्त होता गया। उनका परिवार आज भी शाह परिवार कहलाता है और कुछ पीढ़ियों पूर्व तक उनका परिवार नमक का व्यापार करता था। मित्तल गोत्री डॉ विजय के अनुसार उनके परिवार के माछेरी पलायन के कारणों को गुप्त रखा गया, माछेरी से निकले मित्तल परिवारों की सम्पन्नता की कहानी भी उन्होंने सुनाई, माछेरी में कभी मित्तल गोत्रीय सहस्त्रों परिवार रहते थे ऐसा रातों रात क्या हुआ कि माछेरी में एक भी मित्तल परिवार नहीं बचा, उनसे वार्तालाप के बाद लगभग ५०० वर्षों पुरानी एक दुर्दांत कहानी जीवित सी हो उठी थी।

सारे बिंदुओं को जोड़ दें तो यह कुछ और नहीं बल्कि वीरता और शौर्य के बल पर इतिहास रचियेता वीर हेमचन्द्र की कहानी है। हेमचन्द्र का जन्म विजयादशमी, अक्तूबर माह सन 1501 को ग्राम मछेरी वर्तमान जिला अलवर, राजस्थान में हुआ था। उनके पिता लाला पूरणदास व्यापारी थे और नमक का व्यापार करते थे यह परिवार अपने व्यापार के विस्तार हेतु माछेरी गांव से निकलकर रिवाड़ी (वर्तमान राज्य हरियाणा) में आ बसा, दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम में स्थित रेवाड़ी नगर उन दिनों शिक्षा और व्यापार का बड़ा स्थानीय केंद्र था रेवाड़ी में हेमचन्द्र की प्रारंभिक शिक्षा हुई उन्होंने संस्कृत, हिन्दी, फारसी, अरबी तथा गणित की शिक्षा ली। रेवाड़ी में उनके परिवार के शाह परिवार से पारिवारिक सम्बन्ध थे। रिवाड़ी में हेमू के परिवार ने एक बड़ी हवेली बनवायी थी (जिस पर इस परिवार के आगरा गमन अथवा हेमू के हार के बाद अन्य लोगो का आधिपत्य हो गया) संभवतः शाह परिवार के साथ ही इनका परिवार बड़े व्यापारिक केंद्र आगरा आ गया और तत्कालीन सुल्तान सलीम शाह ने उन्हें बाजार निरीक्षक नियुक्त किया, तत्कालीन लेखक बदाउनी और अबू-फ़ज़ल लिखते है नमक के साथ साथ राजकीय मांग पूर्ति के लिए यह परिवार बारूद में प्रयुक्त होने वाले शोरे का व्यापार भी करने लगा। जब सलीम के बेटे फिरोज शाह को मारकर मुहम्मद आदिल शाह सुल्तान बना, तो हेमू की उन्नति होती चली गयी।

वह कोतवाल, सामन्त, सेनापति और फिर प्रधानमन्त्री बन गये। जब भरे दरबार में सिकन्दर खां लोहानी ने आदिल शाह को मारना चाहा, तो हेमू ने ही उसकी रक्षा की थी। इससे हेमू आदिल शाह का विश्वासपात्र बन गये। उन्होंने कई युद्धों में भाग लिया और सबमें विजयी हुए। इससे उनकी गणना भारत के श्रेष्ठ वीरों में होने लगी। उन्होंने इब्राहीम खां, मुहम्मद खां गोरिया, ताज कर्रानी, रुख खान नूरानी आदि अनेक विद्रोहियों को पराजित कर पंजाब से लेकर बिहार और बंगाल तक अपनी वीरता के झंडे गाड़ दिये थे। हुमायूं की मृत्यु के बाद घटनाक्रम तेजी से बदला और हेमचन्द्र विक्रमादित्य के नाम से दिल्ली के सिंहासन पर आरूढ़ हुए। दिल्ली और आगरा पर हेमू का शासन होने से मुगल हेमू को शत्रु मानने लगे, बैरम खां के नेतृत्व में मुगल सेना का हेमू के विरुद्ध पांच नवम्बर, 1556 को पानीपत के मैदान में युद्ध हुआ। दोनों की सेनाएं पानीपत के मैदान में आमने सामने थी। रणभेरी बजते ही युद्ध प्रारंभ हुआ और अपने 'हवाई' नामक हाथी पर आरूढ़ होकर मुगल सेना को रौंदते हुए सम्राट हेमू आगे बढ़ने लगा, मुगल सेना में दहशत बढ़ती जा रही थी जिसे देखकर बैरम खान ने अकबर को सुरक्षित जगह छुपा कर खुद पश्चिम दिशा से सम्राट हेमू पर आक्रमण शुरू कर दिया। जब सम्राट हेमू ने 1500 हाथियों के साथ युद्ध क्षेत्रों के मध्य भाग पहुंचकर तबाही मचाना शुरू कर दिया मुगल सेना के पैर उखड़ गए मुगल सेना में भगदड़ मच गई। कुछ लोगो का मानना है कि हेमू कि पत्नी राधा और भतीजे महिपाल ने भी युद्ध में भाग लिया था।

युद्ध में बैरम खान ने कई तीरंदाज को मात्र सम्राट हेमचंद्र को निशाना बनाने का आदेश दिया। अंततः हेमू की तरफ चलाये गए अनेको तीरों में से एक तीर सम्राट की आंख में जा लगा और वो अचेत होकर हाथी के हौदे में गिर गए उनके अचेत होने के बाद सम्राट हेमू की सेना नेतत्व विहीन हो गयी। यह सूचना पाकर बैरमखां ने अविलम्ब सम्राट हेमू को पकड़वा कर, अकबर के हाथों उनकी हत्या करा दी। उनका सिर काबुल भेज दिया गया और धड़ दिल्ली में किले के द्वार पर लटका दिया। इसके बाद दिल्ली में अकबर ने भयानक नरसंहार किया और मृत सैनिकों तथा नागरिकों के सिर का टीला बनाया गया । हेमू के धड़ में बारूद भरकर उसका दहन किया गया। अकबर ने हेमू की सम्पत्ति के साथ आगरा पर भी अधिकार कर लिया।

इतिहासकार लिखते है कि उनके बूढ़े पिता और अन्य रिश्तेदारों को इस्लाम न कबूल करने पर मार दिया गया, किसी प्रकार हेमू की पत्नी दिल्ली के लालकोट से धन संपंत्ति लेकर भाग जाने में सफल रही हालांकि सेना की एक टुकड़ी ने माछेरी के आक्रमण किया और माछेरी से रातों रात सभी परिवार इधर उधर भाग गए। माछेरी से निकले मित्तल परिवारों का शाह कुटुंबनाम होना, उनके परिवार द्वारा नमक का व्यपार करना, माछेरी में मित्तल परिवार द्वारा बनवाई बावड़ी, जिसे लाला धनपाल ने आज से लगभग ६०० वर्ष पूर्व बनवाया था, आज भी होना, क्षेत्र के मित्तल परिवारों का बहुत धनी और संम्पन्न होना, हेमू का पैतृक स्थान माछेरी होना, माछेरी में मित्तल गोत्रीय सहत्रों परिवारों का होना, रातों रात मित्तल परिवारों का माछेरी से पलायन करना आदि अनेको ज्वलंत बिंदु किसी एक ही ऐतिहासिक माला के बिखरे मोती सद्दश्य है।

इतिहास अन्वेषण का विषय है जैसे-जैसे और अधिक साक्ष्य मिलते जायेगे इतिहास और अधिक स्पष्ट होता जायेगा, पितामह लाला जयपाल के पुत्र लाला पूरन दास और पौत्र हेमचन्द्र जिसने 22 युद्ध जीतकर 'विक्रमादित्य' उपाधि धारण की और दिल्ली में साम्राज्य स्थापित किया। जिसे कई इतिहासकारों ने 'मध्यकालीन भारत का नेपोलियन' कहा है। हम सभी भारतीय महाराजाधीराज विक्रमादित्य हेमराज की शौर्य गाथा और बलिदान पर उनको नमन करते है। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं|

।। लाला राम सिंह और गुरु तेग बहादुर की खड़क "पुस्तक अग्रवाल इतिहास" के अंश ।।

श्री हर्ष वर्धन गोयल, सिंगापुर

"धरम हेत साका जिनि कीआ
सीस दीआ पर सिरड न दीआ।"

मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है।

घटना १६७५ ईस्वी की है जब मुगल शासक औरंगज़ेब ने उन्हें इस्लाम स्वीकार करने को कहा तब गुरु साहब ने हुंकार भरी और कहा कि वे शीश कटा सकते हैं पर धर्म नहीं बदलेंगे। इस पर औरंगजेब के आदेश पर 24 नवम्बर को दिल्ली में लाल किले के सामने चाँदनी चौक में जल्लाद जलालुद्दीन ने तलवार से गुरु साहिब का शीश धड़ से अलग कर दिया था। गुरुद्वारा शीश गंज साहिब तथा गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब हमें उन घटना का स्मरण कराते हैं जहाँ उनका अन्तिम संस्कार किया गया था।

गुरुजी का बलिदान न केवल धर्म पालन हेतु अपितु समस्त मानवीय सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए दिया था। आततायी शासक की धर्म विरोधी और वैचारिक स्वतन्त्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध गुरु तेग बहादुरजी का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। यह गुरुजी के निर्भय आचरण, धार्मिक अडिगता और नैतिक उदारता का उच्चतम उदाहरण था। गुरुजी मानवीय धर्म एवं वैचारिक स्वतन्त्रता के लिए अपनी महान शहादत देने वाले एक क्रान्तिकारी युग पुरुष थे।

अग्रवालों में प्रतिष्ठित कानूनगो परिवार की पुस्तक के अनुसार, जब गुरु तेगबहादुर जी औरंगजेब के बुलवाने पर जब दिल्ली गए तो मार्ग में जींद में अग्रवाल मोहनदास जी के पुत्र अग्रवाल रामसिंहजी के घर ठहरे। अग्रवाल रामसिंहजी और उनके परिवार ने गुरूजी की बहुत सेवा की और रामसिंहजी की श्रद्धा से प्रसन्न होकर गुरु तेगबहादुर जी ने अपनी खड़क उपहार स्वरूप रामसिंह जी को दी थी, इस घटना का वर्णन उसी वंश के श्री वृंदावन कानूनगो ने अपनी पुस्तक "अग्रवाल इतिहास" में किया है। यह वैश्य परिवार अपने समाजसेवी और धार्मिक कार्यों के लिए जाना जाता रहा है। सेठ रामसिंह जी के पुत्र गरीबदास जी हुए, गरीबदासजी इतने धनवान थे कि तत्कालीन क्षेत्र अधिकारी मोहम्मद खान ने इनसे 11,000 स्वर्ण मुद्राएं उधार ली थीं। गरीबदास जी के दो पुत्र लाला ठंडीराम और लाला गिरधारीलाल हुए, जब शाह आलम द्वारा नियुक्त अधिकारी इमदाद खान का बेटा महमूद खान जनता जनार्दन को तंग करने लगा तो लाला ठंडीराम ने शाहजहाँ सिंह से मिलकर जींद पर सनातनियों का कब्जा करा दिया महमूद खान बच कर दिल्ली भागा। और दिल्ली से शाही सेना लेकर चला, उस समय ठंडी राम जी ने अमरनाथ नामक ब्राह्मण को सरदार राजपूत सिंह के पास सहायता करनाल भेजा और रोहतक पहुँचकर धन और चतुराई से शाही सेनापति को भी अपने पक्ष में कर लिया और सेना को वापस दिल्ली उलटे पैर भेज दिया। इस प्रकार गजसिंह को राजा के पद की शपथ दिलवाई गयी और लोहरी मल को सेनापति बनाया गया। इस कार्य में उन्होंने अथाह धन खर्च कर धर्म सम्मत शासन की स्थापना कराई।

यह वही लाला ठंडीमल थे जिन्होंने पटियाला के महाराजा अमर सिंह पटियाला और दीवान नानूवाला अग्रवाल से मिलकर अग्रवालों की पवित्र भूमि अग्रोहा को फिर से स्थापित करने का विचार बनाया था और वहाँ पर किला बनवाना शुरू किया। किन्तु राजनैतिक अस्थिरता के चलते कार्य बीच में ही रुक गया तब लाला दौलतराम ने अपने पिता ठंडीराम के द्वारा आरम्भ किये कार्य तो आगे बढ़ाया पहले जींद में किला बनाकर राजा को भेंट किया फिर अग्रोहा का पुनः निर्माण कार्य आरम्भ किया।

कहते हैं, राजाओं को जब भी धन की आवश्यकता होती थी तब वह इन्हीं अग्रवालों के परिवार से सहायता लिया करते थे। महाराजा इस वैश्य परिवार का बहुत सम्मान करते थे। कहते है कि शेर ए पंजाब महाराजा रंजीत सिंह पवित्र साहबसिंह आदि की तीर्थयात्रा पर इकट्ठे जाते थे। उनके कहने पर ही महाराजा रंजीतसिंह ने ज्वाला देवी मंदिर पर पर स्वर्ण का छत्र चढ़ाया था। महाराजा रंजीत सिंह ने इनको एक बड़ी जागीर उपहार के रूप में भी दी थी।

भारत को अपनी पहचान बचाने के लिए एक बड़ी आशा गुरु तेगबहादुर साहब के रूप में दिखी थी। औरंगजेब की सोच के सामने उस समय गुरु तेगबहादुर जी, 'हिन्द दी चादर' बनकर, एक चट्टान बनकर खड़े हो गए थे। औरंगजेब और उसके जैसे अत्याचारियों ने भले ही अनेकों सिर को धड़ से अलग किया हो लेकिन वह हमारी आस्था को हमसे अलग नहीं कर सका। भारत के हर घर में, हर वर्ग ने गुरु तेग बहादुर जी को मान दिया सम्मान दिया उनके बलिदान ने, भारत की अनेक पीढ़ियों को अपनी संस्कृति की मर्यादा की रक्षा के लिए, उसके मान-सम्मान के लिए जीने और मर-मिट जाने की प्रेरणा दी।

।। आधुनिक आनुवंशिक विज्ञान (DNA) द्वारा अग्रवाल समाज का विश्लेषण - समान से समान की उत्पति।।

- हर्ष वर्धन गोयल (सिंगापुर)

आधुनिक विज्ञान और प्राचीन शास्त्रों में 'समान से समान की उत्पति' को आनुवंशिक का मुख्य सिद्धान्त माना हैं। समस्त जीव, चाहे वे जन्तु हों या वनस्पति, अपने पूर्वजों के यथार्थ प्रतिरूप होते हैं। प्रत्येक सजीव प्राणी का निर्माण मूल रूप से कोशिकाओं द्वारा होता है। इन कोशिकाओं में गुणसूत्र (क्रोमोसोम) पाए जाते हैं। और इन गुणसूत्रों के अन्दर माला की मोतियों की भाँति, घुमावदार सीढ़ीनुमा संरचना नामक डी एन ए इकाइयाँ पाई जाती हैं एक कोशिका में गुणसूत्रों के समायोजन जीनोम का निर्माण करते है; मानव में ४६ जीनोम गुणसूत्रों में डीएनए के लगभग ३ अरब आधार जोड़े है।

जिन्हें जीन कहते हैं। ये जीन, किसी भी जीव के लक्षणों और गुणों के उत्तरदायी होते हैं। संक्षेप में आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) जीव विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत आनुवंशिकता (हेरेडिटी) तथा जीवों की विभिन्नताओं (वैरिएशन) का अध्ययन किया जाता है। इस विज्ञान का मूल उद्देश्य आनुवंशिकता के ढंगों (पैटर्न) का अध्ययन करना है अर्थात् संतति अपने जनकों से किस प्रकार मिलती जुलती अथवा भिन्न होती है।

किसी जीव की आनुवंशिकता उसके जनकों (पूर्वजों) की जननकोशिकाओं द्वारा जीन से प्राप्त होती हैं। जैसे कोई प्राणी का रूप रंग शारीरिक बनावट आदि आदि का निर्धारण उसकी आनुवंशिकता करती है। प्रायः सभी जीव अपने माता पिता या कभी कभी दादी या उनसे पूर्व की पीढ़ी के लक्षण प्रदर्शित करते हैं। जीव की बाह्य संरचना (फ़ेनोटाइप) समय के साथ-साथ परिवर्तित होती रहती है

जैसे भ्रूणावस्था, शैशव, यौवन तथा वृद्धावस्था में पर्याप्त शारीरिक विभेद दृष्टिगोचर होता है। इसके विपरीत उनके पित्रागत लक्षण अपरिवर्तनशील होती हैं।

मनुष्यों की आनुवंशिकी (यानि जॅनॅटिक्स) में "वंश समूह" को "हैपलोग्रुप" (haplogroup), "पितृवंश समूह" को "वाए क्रोमोज़ोम हैपलोग्रुप" (Y-chromosome haplogroup) और "मातृवंश समूह" को "एमटीडीएनए हैपलोग्रुप" (mtDNA haplogroup) कहते हैं। अगर दो पुरुषों का पितृवंश समूह मिलता हो तो इसका अर्थ होता है कि हजारों साल पूर्व उनका एक ही पुरुष पूर्वज रहा होगा, चाहे आधुनिक युग में यह दोनों पुरुष अलग-अलग जातियों से सम्बंधित ही क्यों न हों। इस वंश समूह या हैपलोग्रुप के अध्ययन से उस समूह के पूर्वज का ज्ञान होता है। हैप्लोग्रुप आनुवंशिक जनसंख्या समूह हैं जो आपके पैतृक या मातृ वंश अपने पूर्वज साझा करते हैं। ये पैतृक और मातृ हैप्लोग्रुप आपके आनुवंशिक वंश पर प्रकाश डालते हैं और आपके परिवार की कहानी बताने में सहायक होते हैं।

स्त्रियों का किसी पितृवंश समूह से सम्बन्ध नहीं होता क्योंकि स्त्रियों में वाए गुण सूत्र नहीं होता। समय-समय पर व्यक्ति के डीएनए में बदलाव आते है जो उसकी आने वाली पीढ़ियों के डीएनए में आसानी से पहचाने जाने वाले चिन्ह छोड़ जाता है। और उस वंश समूह के सदस्य से उन चिन्हों से निर्धारण होता है। आपका डीएनए इस बारे में सुराग देता है कि आपके पूर्वज कहाँ रहते थे। एक ही स्थान पर कई दूर के रिश्तेदारों का होना यह दर्शाता है कि आप सभी वहाँ एक ही वंश साझा करते हैं। कई दूर स्थान के रिश्तेदारों वाले भी हो सकते हैं जहाँ लोग प्रवास करके गए हो।

विगत कई वर्षों में तकनीकी क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है और अग्रवाल भाइयों ने भी अनुवांशिकी में रूचि लेना प्रारब्ध किया है। हालाँकि अभी अग्रवाल अनुवांशिकी का डेटा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध नहीं है प्राप्त डेटा अनुसार अग्रवाल कुटुंब वाले लोगों का शीर्ष पैतृक हैप्लोग्रुप H-M52 है, जो मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण एशियाई वंश वाले लोगों में पाया जाता है। हैप्लोग्रुप H-M52 हैप्लोग्रुप H-L901 का उपभाग है। यह मुख्य रूप से मध्य और दक्षिण एशियाई लोगों में पाए जाते हैं। हैप्लोग्रुप एच आम तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप में इंडो-आर्यन, द्रविड़ और भारतीय आदिवासी आबादी में पाया जाता है। इसका कुछ प्रभाव यूरोप में रोमा में दिखाई पड़ता है, सरल शब्दों में प्राप्त डेटा के आधार पर, अग्रवाल अनुवांशिकी संरचना के हैप्लो में उत्तरी भारतीय पंजाब प्रान्त का पितृवंश समूह अत्यधिक प्रतिशत में पाया गया है जोकि ऐतिहासिक जानकारी के एकदम अनुकूल है उनके अलावा गुजरात दक्षिण भारत और बांग्ला पितृवंश समूह भी पाया गया है हैप्लोग्रुप एच का मूल भारतीयों आदिवासी का होना और मुख्यतः पंजाब प्रान्त से सम्बंधित होना अग्रवालों के इतिहास तो प्रमुखता से पुष्टि करता है अग्रवालों में अन्य भारतीय क्षेत्रों का हैप्लोग्रुप मिलान हमारे प्राचीन इतिहास को इंगित करता है और इसमें अभी और अन्वेषण की आवश्यकता है ।

(नोट - लेखक ने स्वयं अपना डीएनए परिक्षण करा कर इन तथ्यों की पुष्टि की है यदि किसी और अग्रवाल भाई तो इन विषयों में रूचि है तो वह लेखक से संपर्क कर सकते है।)

।। महल नागर मल – बहावलनगर ।।

पाकिस्तान भाग वाले पंजाब प्रान्त में बहावलनगर से लगभग पच्चीस किलोमीटर उत्तर-पूर्व में मिनचिनाबाद नगर स्थित है। इसका नाम कर्नल चार्ल्स मिनचिन के नाम पर रखा गया था जो 1866-1876 तक बहावलपुर राज्य की देखरेख करने वाले ब्रिटिश अधिकारी थे। वैसे तो इस ग्रामीण पंजाब के इस कस्बे क्षेत्र का नाम विशेष प्रसिद्धि नहीं है किंतु इस कस्बे के बीचोबीच एक बहुत ही आकर्षक और सुन्दर हवेली है। विभाजन पूर्व बनी यह हवेली अपनी राजसी ठाठ-बाट के साथ 90 साल से मौसम की मार झेलते हुए भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जो कोई भी इस हवेली को देखता है वह इस हवेली कि उच्च स्तरीय डिज़ाइन और वास्तु की खुले दिल से प्रशंसा करते नहीं थकता।

1930 के दशक में निर्मित और महल नागर मल के रूप में जाने यह हवेली, धनी सेठ कन्हैया लाल अग्रवाल के दो पुत्रो सेठ नागर मल अग्रवाल और सेठ भजन लाल अग्रवाल के द्वारा बनवाई गयी थी यह अग्रवाल परिवार हीरे-जवाहरात का व्यापार करते था। कहते है इस परिवार का व्यापारिक साम्राज्य मद्रास, दिल्ली, पंजाब, पुरे भारत वर्ष के साथ-साथ कई निकटवर्ती देशों के और दूर-दराज के विदेशो बाज़ारों में भी फैला हुआ था। इस परिवार की कई कोठियां बहावलपुर, लाहोर और अन्य कई नगरों में थी। इस हवेली की प्रसिद्धि सुन यात्रा लेखक सलमान रशीद ने हवेली का दौरा किया था उनके अनुसार, "यह हवेली इस परिवार के वास्तु के पारखीपन का साक्षात् प्रदर्शन करती है। और जब इस हवेली का निर्माण हुआ होगा तो स्पष्ट रूप से इस हवेली को बनाने में परिवार द्वारा अपरिमित धन खर्च करने में कोई कोताही नहीं बरती गयी होगी”

हवेली के अग्रभाग में, मुख्य भवन के प्रवेश द्वार पर संगमरमर का सुन्दर पुष्पयुक्त डिजाइन को बहुत ही सुन्दर कलात्मक ढंग से बनाया गया है जिसके दोनों किनारों पर बांसुरी बजाते हुए भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियां विराजमान हैं। जो दूसरी या तीसरी शताब्दी की मूर्ति कला के अनुरूप बनायीं गयी है। यात्रा लेखक सलमान रशीद अपनी पुस्तक 'स्टोन ऑफ एम्पायर' में लिखते है कि “मुख्य इमारत, प्रथम प्रवेश द्वार के पीछे स्थित है प्रथम भाग में अतिथि कमरों की एक पंक्ति है मुख्य भाग के लिए कुछ सीढ़ियों एक लकड़ी के विशाल किवाड़ वाले संगमरमर के दरवाजे की ओर जाती है यह उच्च धनुषाकार द्वार हवेली के पहले प्रांगण में जाता है पूरा प्रांगण उत्कृष्ट रूप से अंगूर की बेलों- बूटों और अन्य पुष्प और घुमावदार रूपांकनों से सुसज्जित है।

लाल सीमेंट और लाल पत्थरों से निर्मित इस हवेली में ३३ कमरे और १४२ दरवाजे है यह दो मंजिला इमारत, देवी देवताओ की मूर्तिओं और रंगीन चित्रों से सजा हुई है जो सनातनी कथाओं को जीवांत रूप में दर्शाती है।

अंदर केंद्रीय प्रांगण के चारों ओर बरामदे है और उसके पीछे कमरे व्यवस्थित हैं। बरामदे की दीवारों पर पुष्प और घुमावदार डिजाइनों के साथ पौराणिक कथाओं से दृश्य चित्रित किए गए हैं। पहली मंजिल के दरवाजों के ठीक ऊपर शीर्ष मंजिल पर छज्जा बाहर निकलता है जो देखने में अद्‌भुत है।

यूरोपीय कलात्मकता के प्रति अग्रवाल परिवार की रुचि दूसरी मंजिल पर देखने को मिलती है इसकी विशुद्ध इतावली शैली को देख यह माना जा सकता है कि अग्रवाल परिवार के किसी सदस्य ने स्वयं इटली का दौरा कर इतावली वास्तु का सूक्ष्मता से अध्ययन किया होगा अथवा वह इतावली वास्तु की विशेषताओं से भली भांति परिचित होगा, संभव है कि भवन निर्माण के लिए किसी यूरोपीय वास्तुकार को नियुक्त किया गया होगा क्योंकि किसी स्थानीय मिस्त्री द्वारा इतना भव्य निर्माण संभव प्रतीत नहीं होता।

स्थानीय लोग बताते है कि यह हवेली कभी विशाल उद्यान से घिरी हुई थी जो अब नष्ट हो चूका है अब हवेली से निकलती सड़क के दोनों तरफ दुकानों की कतार बन गयी है उस स्थान पर कभी अग्रवाल परिवार के नौकरों के घर हुआ करते थे। यह एक संपन्न परिवार था जो हवेली को रोशन करने के लिए उस समय में पेट्रोल से चलने वाले दो जनरेटर रखते थे वह जेनरेटर रूम आज भी देखा जा सकता है कहते हैं कि 1930 के दशक में यह संपत्ति 25 लाख रुपये से कम नहीं थी जो वास्तव में एक बहुत बड़ी धन-राशि थी।

यह हवेली का निर्माण कार्य अग्र बंधूों द्वारा १९३० में प्रारम्भ किया गया और लगभग ७ वर्ष अर्थात १९३७ में यह हवेली बनकर तैयार हुई। किन्तु अग्रवाल परिवार एक दशक तक भी इस भव्य हवेली का आनंद नहीं ले सका। 14 अगस्त 1947 में भारत को बांटकर दो टुकड़े कर दिए गए।

रेडक्लिफ को पाकिस्तान और भारत के लिए सीमाओं को खींचने के लिए नियुक्त किया गया था जुलाई माह 1947 में जब वह भारत आया तो उसके लिए गर्मी असहनीय थी। इस चिलचिलाती धूप में उसके लिए काम करना लगभग असंभव था जहाज़ से उतरने के कुछ घंटों बाद, उसने सोचा की "उसे यह काम के लिए क्यों चुना गया?" वह अक्सर अपने वापिस जाने के दिनों को गिना करता था उसे 'जाओ और इसे पूरा करो' के आधार पर मात्र पाँच सप्ताह के समय में अपना कार्य पूरा करने का आदेश वायसराय द्वारा दिया गया था। उसने शिमला में ऑफिस बनाया और वह अपने कमरे की खिड़की से सेब के बाग देखा करता था उसे एक नहीं दोनों सीमा आयोगों (पंजाब और बंगाल) का अध्यक्ष बनाया गया और उसके पास कोई भी सुराग नहीं था कि ये क्षेत्र कहाँ-कहाँ हैं। उन्होंने 9 अगस्त, 1947 को अपनी योजना प्रस्तुत की। एक प्राचीन और महान देश का विभाजन उसकी सहस्त्रों वर्ष पुरानी संस्कृति को कुछ बाहरी अनजान लोगों ने सिर्फ कागज पर रेखा खींच कर बांट दिया। बंटवारे के साथ ही खूनी खेल भी शुरू हो गया। लाखों लोग मारे गए इनमें हिंदुओं की संख्या बहुत अधिक थी। इस विभाजन ने देश की आत्मा को रक्तरंजित कर दिया। यह बंटवारा मानवता के विरुद्ध किया गया अक्षम्य और कभी ना भूलने वाला अपराध था।

पंजाब दो भागों में विभाजित हो गया, पश्चिम पंजाब पाकिस्तान का हिस्सा बन गया और पूर्वी पंजाब भारत का हिस्सा बन गया। इसी तरह पश्चिम बंगाल भारत का एक राज्य बन गया, और पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) पाकिस्तान का एक प्रांत बन गया। केवल पांच सप्ताह में उन्होंने लाखों लोगों की राष्ट्रीयता और भाग्य का निणर्य कर दिया था। 17 अगस्त, 1947 को नई सीमाओं की घोषणा की गई।

उस समय वहां बसे लोगो के साथ जो अन्याय हुआ वह सदियों बाद भी नहीं भुलाया जा सकेगा। बर्बरता से पूरी योजना बनाकर पूरे गांवों और कस्बों का सफाया कर दिया गया वह चाहे शेखूपुरा, गुजरांवाला, मोंगटोमेरी, सियालकोट, मियांवाली, झांग, बहावलपुर, झेलम और सरगोधा हो या अन्य सैकड़ो स्थान, भीड़ और सैन्य बल से खत्म करने की सिंध योजना का भी क्रियान्वयन हुआ। रेडक्लिफ भी इस भयानक हिंसा से बहुत दुखी हुए और अपने किये कार्य पर पछताते हुए उन्होंने अपने सारे कागजात जला दिए और फीस लेने से मना कर दिया था। इस त्रासदी के बाद अग्रवाल परिवार का कोई पता नहीं चला।

मानव जीवन भी बहुत विचित्र है कितने परिश्रम से वह वस्तुओं का संचय करता है इसे नियति कहिये या जानकर भी परिस्थियों को अनदेखा करना या समझते हुए भी नासमझ बने रहना, जो देश, समाज और परिवार अपने इतिहास और अनुभवों से नहीं सीखता वह पुनः पुनः इस प्रकार की त्रसिदयों से गुजरता रहता है।

|| गंगल गोत्र परिचय ||

|| वंश परिचय ||

गोत्र परिचय - गोयन/ गंगल/गौतम (Goyan/Gangal/Gautam)

अन्य प्रचलित नाम/वर्तनी: गंगा, गौण, गावल, Gangal,Goin, Goyanor, Gangal,

ऋषि: पुरोहित (Purohit) /गौतम (Gautam)

गोत्रपति: गोधर (Godhar)

वेद (Veda): यजुर्वेद: (Yajurveda)

शाखा (Branch): माध्यंदिन वाजसनेयि शाखा (वाजसनेयी संहिता माध्यंदिन)

सूत्र (Sutra): कात्यायन (Kaatyayn)

विवरण: गोयन/ गंगल/गौतम एक गोत्र आधरित कुटुंब नाम है यह अग्रवालों के 18 गोत्रों में से एक है।

गंगल गोत्र के सम्बन्ध में कुछ भ्रामक तथ्य परिवार सदस्यों के वैवाहिक सम्बन्ध करते समय सामने आये। इन भ्रामक तथ्यों को दूर करने के लिए अग्रवाल महासभा से सम्पर्क किया गया। उनसे प्राप्त सूचना के अनुसार गोयन गोत्र एवं गंगल गोत्र एक ही माना जाता है। महासभा द्वारा प्रेषित पत्र की प्रतिलिपि नीचे दी जा रही है।

`विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी -

•पुस्तक महाराजा अग्रसेन महाकाव्य: अग्रवाल समाज का गौरवपूर्ण इतिहास लेखक श्री राम कृष्ण शर्मा आदर्श प्रकाशन वर्ष 2007, पृष्ठ 147 से उद्धत

कुँवर वाणीश्वर को दे वत्स, गोत्र गंगल का दे यशनाम।
नृपति ने देकर शुभ आशीष, दिया जनसेवा का शुचि काम।।

•पुस्तक महाराजा अग्रसेन महाकाव्य: अग्रवाल समाज का गौरवपूर्ण इतिहास लेखक श्री राम कृष्ण शर्मा आदर्श प्रकाशन वर्ष 2007, पृष्ठ 20 से उद्धत

।। गंगल गोत्र परिचय ।।

मान्य अठारह गोत्र हैं—केवल उनको ही मानना चाहिये। ये गोत्र क्रमशः गर्ग, गोयल, गोयन (गंगल) बंसल, कंसल, सिंहल, मंगल, जिंदल, तिंगल, ऐरण, धारण मधुकुल, बिन्दल, तायल, भन्दल, नागल

•पुस्तक: अग्रसेन अग्रोहा अग्रवाल (वर्ष: १९७७) लेखिका: डॉ स्वराज मणि अग्रवाल पृष्ठ: 196 से उद्धत

अग्रवालों के 18 (या साढ़े सत्रह) गोत्र हैं- एरण, बंसल, बिन्दल, धुम्या, धरण, गर्ग, गोयल, गोयनका, गंगल या गोल, जिन्दल, कंसल, कुच्छल, मुद्गल, मित्तल, नंगल, सिंघल, तायल और तिंगल।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रेषित पपत्र

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन

[सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत क्रमांक 7953 दिनांक 28 जनवरी 1976]
डी-35 साउथ एक्सटेंशन भाग एक, नई दिल्ली-110049
महामन्त्री दूरभाष 619125, 616351

स्थापित-1975

क्रमांक 338/84 दिनांक 5-1-1984

अध्यक्ष
श्री बनारसीदास गुप्त
हरियाणा के भू॰पू॰ मुख्यमंत्री
विजय नगर, भिवानी (हरियाणा)
फोन : 2117

वरिष्ठ उपाध्यक्ष
श्रीमती स्वराज्यमणि अग्रवाल
जीवन कालोनी, बल्देव बाग,
जबलपुर-2 (म॰प्र॰)
फोन : 24846
24886

महामंत्री
श्री रामेश्वरदास गुप्त
डी-35, साउथ एक्सटेंशन-I
नई दिल्ली-110049
फोन : 616351
616352

उपमहामंत्री
श्री गोपाल कृष्ण सिंघल
21/388, कोठी टोली,
सहसराम-821115 (बिहार)
फोन : 513

कोषाध्यक्ष
श्री शिवचन्द अग्रवाल
टांडा रोड,
जालन्धर शहर
फोन : 78858
घर 73395

आदरणीय श्री मनोहर लाल जी,

आप का 31-12-1983 का पत्र मिला। धन्यवाद।

आप ने गंगल गोत्र के विषय में जानकारी चाही है। वास्तव में इस गोत्र का नाम गोयन्न है। इसी गोत्र के कुछ लोग अपने आप को गंगल लिखते हैं। आप के लिखे अनुसार गंगल लिखने वाले लोग अधिकतर अलीगढ़ क्षेत्र में ही पाये जाते हैं।

योग्य सेवा से सूचित करते रहें।

सधन्यवाद।

(रामेश्वरदास गुप्त)
महामन्त्री

श्री मनोहरलालजी,
681-आदर्श नगर,
जयपुर (राज॰)

यह पपत्र श्री भारत भूषण गुप्ता (गंगल गोत्र निवास जयनारायण व्यास नगर बीकानेर (राजस्थान)) से प्राप्त हुआ, आप बैंक आफ बडौदा से सेवानिवृत्त अधिकारी है और देशी विदेशी डाक टिकट, करेंसी नोट, सिक्के, बैंक चैक एवं एटीएम कार्ड के संग्रहकर्ता है पूर्वजों के बारे मे अधिकतम जानकारी एकत्र करने के लिए सतत प्रयासरत है

और गंगल गोत्र वंशावली पुस्तक में इनका विशेष योगदान रहा है, गायत्री परिवार आदि विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए है और सनातन यज्ञ परंपरा का निर्वाह करते हैं।

उटवारा वाला गंगल परिवार - इस परिवार का मूल पैत्रक गाँव - उटवारा, तहसील खैर, जिला अलीगढ, उत्तर प्रदेश है। इस परिवार के पूर्वज स्वर्गीय श्री जयसी बाबा ऊँटों के झुंड के अधिपति थे, वह ऊँटों पर सामान ले जाकर राजस्थान में व्यापार करते थे। कहा जाता है कि वह काफी बलिष्ठ व्यक्ति थे तथा अकेले ही ऊंट पर बोरी लाद दिया करते थे, सामान्यतः यह दो व्यक्तियों का कार्य होता था, उन दिनों अंग्रेजों का राज था।

जब किसी अंग्रेज अधिकारी को यह जानकारी मिली तो उन्होंने स्वयं यह सब देखा तो बाबा के काफिले की चुंगी हमेशा के लिए निःशुल्क कर दी थी। ऐसा सुना जाता है कि उन्हीं के नाम पर गाँव का नाम ऊंट वारा पड़ा जो वर्तमान समय में उटवारा कहा जाता है।

वंशावली - श्री जयसी बाबा जी के दो लड़के हुए (1) श्री गिरवर प्रसाद (2) श्री छित्तर मल, श्री गिरवर प्रसाद पटवारी थे तथा उनके भी दो लड़के हुए (१) श्री घनश्याम दास (२) श्री वासुदेव प्रसाद, श्री घनश्याम दास पटवारी थे उनकी पत्नी श्रीमती महादेवी थीं, उनके आठ संताने हुई (१) श्री रेवती प्रसाद (धर्मपत्नी श्रीमती कलावती) (२) श्री लीलाधर (धर्मपत्नी श्रीमती पिस्ता देवी) श्री लीलाधर के दो विवाह हुए (३) श्री कंछी लाल (धर्मपत्नी श्रीमती श्याम देवी) (४) श्री सोहन लाल (धर्मपत्नी श्रीमती राजकली) (५) श्री दीनदयाल (धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती) (६) श्रीमती बरफी देवी (पत्नी श्री मुंशी लाल जी) (७) श्रीमती कस्तूरी देवी (पत्नी श्री हजारी लाल जी ऑफिस कानूनगो) (८) श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री मुरारी लाल (अध्यापक), और अधिक जानकारी के लिए गंगल परिवार की वंशावली पुस्तक देखें|

गंगल नामक स्थान -

1) गंगल, पंजाब, पाकिस्तान के अटक जिले के प्रशासनिक उप-विभाग फतेह जंग तहसील में स्थित एक गाँव है।
2) गंगल, पंजाब, पाकिस्तान के रावलपिंडी जिले के प्रशासनिक उप-विभाग रावलपिंडी तहसील में स्थित एक गाँव है।
3) गंगल, पंजाब, पाकिस्तान के झेलम जिले के सोहावा तहसील में स्थित एक गाँव है।

।। लाठ (सिंघल गोत्र) कुटुंबनाम परिचय ।।

वंश परिचय श्रंखला - लाठ कुटुंबनाम का विवरण

अग्रवाल कुटुंबनाम : लाठ (Lath)

गोत्र: सिंघल (Singhal)

मूल स्थान: मन्ड्रेला, जिला झुनझुनु, राजस्थान

सती माता: श्री गीलोसती दादी, मन्ड्रेला,जिला झुनझुनु, राजस्थान

लाठ कुटुंबनाम का उद्भव - अग्रवालों में विभिन्न जाति सूचक नामों जैसे अग्रवाल, गुप्ता, वैश्य और गोत्रों के नामों के साथ अन्य सहस्रों व्योम, अल्ल, बैंक, अटक, शाखा और उपनामों का भी प्रयोग किया किया जाता है। अग्रवालों के विभिन्न कुटुंबनामों का वर्गीकरण मूलतः उनके व्यवसाय, स्थान, वंश अथवा मूलपुरुष पर आधारित होता है। जैसे वर्ण/जाति पर आधारित कुटुंबनाम गुप्त, गुप्ता, वैश्य, अग्रवाल, अग्रवाला, अग्रवंशी, अग्रकुल, अग्रहरि, सेठ इत्यादि। पुरुषनाम आधारित कुटुंब नाम - जो परिवार में हुए किसी विशेष व्यक्ति के नाम ओर ख्याति से से प्रारम्भ हुए जिनके नाम से परिवार प्रसिद्ध हो गया तथा परिवार के लोग उन्हीं का नाम कुटुंबनाम के रूप में प्रयोग करने लगे। उदाहरण: कहनानी, तनमुखरामका, राजारामका, संतरामजीका, हिम्मतसिंहका, मानसिंहका, हरतालका, टिकमाणी, भावसिंहका इत्यादि। अनेक अग्रवाल अपने मूल स्थान को छोड़कर अन्यत्र स्थानों पर बस गये, किंतु मूल स्थान से संबंध बनाये रखने के लिये, उस स्थान का प्रयोग अपने नाम के साथ करने लगे। इन अग्रवालों ने अपने निकास स्थान गाँव अथवा नगर के नाम पर अपने कुटुंबनाम रखे। लाठ भी इसी श्रेणी का कुटुंबनाम है।

लाठ शब्द लट्ठ, लट्ठा का एक अन्य रूप है लाठ शब्द कोल्हू में लगी हुई वह बल्ली जो बराबर घूमती रहती है, के लिए भी प्रयोग होता है लाठ का एक अर्थ मोटा ऊंचा खंभा भी होता है जिसे लाट भी कहा जाता है इस कुटुंबनाम को लेकर कई भ्रांति समाज में हैं जिनका शोधन और निवाकरण इस प्रकार है

मत 1- क्या लाठ शब्द लाट साहब से निकला है और यह अंग्रेजों द्वारा प्रदान उपाधि है ?

